Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006

Participants : Tripathi Shri Chandramani

an>

Title : Need to include Reeva Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh under Rural Employment Guarantee Scheme.

श्री चन्द्र मणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, मध्य प्रदेश स्थिति मेरा संसदीय क्षेत्र रीवा जो कि अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। राजनैतिक एवं शैक्षिक रूप से समृद्ध होने के बावजूद विकास एवं औद्योगिक दृटि से बिल्कुल ही पिछड़ा क्षेत्र है। यहां पर किसी भी प्रकार के उद्योग धंधे एवं रोजगार प्रदान करने कोई साधन नहीं होने के कारण क्षेत्र का पढ़ा लिखा नौजवान वर्ग जहां अपने को अंदर से कुंठित महसूस कर रहा है, वहीं गलत कार्यो की ओर, गलत दिशा की ओर भी बढ़ रहा है।

मेरे संसदीय क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति तो और भी गंभीर है। किसान ऋणग्रस्त है। कई बार फसल प्राकृतिक प्रकोप से नट हो जाती है तो कइ बार उपज अच्छी होने के बावजूद उसका उचित मूल्य नहीं मिल पाता। मजदूर वर्ग हाथ पर हाथ रखकर बैठा है। उसको काम नहीं मिल रहा है।

अतः मेरा ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए मध्य प्रदेश के रीवा जिले को ग्रामीण रोजगार गारंटी में शामिल किया जाये ताकि रीवा जिले के लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके।